tion of exports. Therefore, it will not adversely affect the Indian Industry.

**Recommendatioas of the Satish Chandra Committee**

*225. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to the answer to the Unstarred Question 2209 given in the Rajya Sabha on 12th December, 1991 and state;

(a) whether Government have accepted the recommendations of the Satish Chandra Committee for conducting all the UPSC examinations in Indian languages;

(b) if so, by when it is likely to be implemented; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) $t_0$ (c) The Report of the Satish Chandra Committee relating to language policy for the examinations conducted by Union Public Service Commission is still under consideration of the Government.

**महासागर विकास विभाग में विभिन्न क्षेत्रों का निजीकरण**

*226. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महासागर विकास विभाग में विभिन्न क्षेत्रों में निजीकरण लागू करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा)** : (क) नहीं श्रीमान।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

**भूकम्प पीड़ितों के लिये औषधियों की आपूर्ति**

@*228. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जनवरी, 1992 के अन्तिम सप्ताह के दौरान इस आशय की शिकायत प्राप्त हुई है कि "इण्डियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड' द्वारा उत्तर प्रदेश में भूकम्प पीड़ितों के लिये एसी दवाइयां सप्लाई की गयी थीं, जिनकी मियाद खत्म हो चुकी थी, तथा जो अनावश्यक थीं ;

(ख) क्या इस संबंध में कोई कार्यवाही की गई है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्ता मोहन)** : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) शिकायत की जांच की गई है और यह पाया गया है कि इंडियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लि0 द्वारा किसी मियाद बीती या अनावश्यक दवाई की सप्लाई नहीं की गई थी।

**राष्ट्रीय नेताओं के संबंध में दूरदर्शन के कार्यक्रम**

*229. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992 के दौरान दूरदर्शन द्वारा अपने राष्ट्रीय नेटवर्क पर जिन-जिन राष्ट्रीय नेताओं से संबंधित कार्यक्रमों को दिखाये जाने की योजना है, उनके नाम क्या-क्या हैं ; और

@पूर्वत: तारांकित प्रश्न 108, 4 मार्च, 1992 से स्थानांतरित। समयबद्ध कार्यक्रम